जुलाई - 2021

Agra SMART CITY

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 4rth रैंक

30 जुलाई 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग






## बच्चों की करायी जांच

आर्य श्री संस्थान में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के लिए स्मार्ट हैल्थ क्लब की ओर से शिविर लगाया। शिविर में बच्चों के आंख, नाक, मुंह और हड्डियों की जांच की गई। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक तूलिका कपूर ने कहा कि शहर को स्मार्ट बनाने के साथ-साथ स्मार्ट सिटी बेहतर कार्य कर रहीं है। इसके लिए साधुवाद है। इस दौरान स्मार्ट सिटी के अन्य साथी भी मौजूद रहे।

## लोकहित में लगाया रक्तदान शिविर

स्मार्ट सिटी ने हेल्पिंग हैंड के सहयोग से लोकहित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान के दौरान युवाओं और स्मार्ट सिटी के कर्मचारियों ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। बता दें कि कोरोना काल के बाद से रक्तदान करना कम हो गया। स्मार्ट सिटी ने नेक पहल करते हुए । यह कार्य किया। इसमें एनजीओ और स्मार्ट सिटी के गौरव, अमिता चतुर्वेदी, देविना, ललित एवं अधिकारी आनंद मेनन का की उपस्थिति रही। एनजीओ की अध्यक्ष सुमन सुराना ने कहा कि आगे भी इस प्रकार के कार्य करते रहेंगे।





## छात्रों को दी स्मार्ट सिटी परियोजना की जानकारी

संजय प्लेस स्थित अमेरिकन इंस्टीट्यूट में स्मार्ट सिटी के कर्मचारियों ने छात्रों को स्मार्ट सिटी परियोजना के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से अपने शहर को बेहतर बना सकते हैं। वहीं छात्रों ने स्मार्ट सिटी की हर प्रकार की जानकारी के लिए प्रश्न पूछे। इस दौरान गौरव चतुर्वेदी और पवन सिंह ने हर परिजयोजना के विषय में जानकारी दी। छात्रों के एक दल ने स्मार्ट सिटी के गंगाजल प्रोजेक्ट की विजिट कर बारीकियों से जानकारी ली। निदेशक प्रदीप तोमर ने इसे बेहतर प्रयास बताया।

## महिलाओं के लिए लगाया विशेष शिविर

सशक्त महिला समिति के सहयोग से स्मार्ट सिटी ने महिलाओं के लिए विशेष शिविर फतेहाबाद रोड स्थित जयपुरिया ग्रीन में लगाया। इसमें महिलाओं के लिए गर्भाशय से संबंधित जांच, ब्लड प्रेशर, प्रेग्नेंसी, हड्डियों की जांच सहित निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। अध्यक्ष अंजु चौधरी ने स्मार्ट सिटी का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि आगरा को तो स्मार्ट बना ही रहे हैं। साथ ही समाज सेवा के कार्य भी किये जा रहे हैं।





## स्मार्ट सिटी की ओर से लगाया गया वृद्धजनों के लिए निशुल्क जांच शिविर

रामलाल वृद्धाश्रम में स्मार्ट सिटी की ओर वृद्धजनों के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। जिसमें वृद्धों के हीमोग्लोबिन, आंख, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित अन्य जांचे की गईं। शिविर में लगभग 240 से अधिक वृद्धजनों की जांचे की गईं। स्मार्ट सिटी की ओर से स्मार्ट हैल्थ सेंटर चलाए जा रहे हैं। जिसमें बहुत ही कम दरों पर जनता को इलाज मिल रहा है। अपने प्रोजेक्ट के तहत होने वाले कार्यों के साथ-साथ स्मार्ट सिटी समाजसेवियों के साथ मिलकर भी बेहतर कार्य कर रहा है। शिविर में आनंद मेनन, गौरव चतुर्वेदी, रामलाल वृद्धाश्रम के शिव प्रसाद शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जुलाई - 2021

Agra SMART CITY

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 4rth रैंक

30 जुलाई 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग







## यूं बदल दी फतेहाबाद रोड की सूरत

स्मार्ट सिटी ने फतेहाबाद रोड की सूरत बदल दी है। ब्युटीफिकेशन एंड स्ट्रीटस्कैपिंग परिजयोजना के तहत फतेहाबाद रोड पर फुटपाथों को बेहतरब बनाया। जिसका लाभ अब आम जनता ले रही है। क्योंकि इस रोड पर पहले फुटपाथ चलने लायक ही नहीं थे। स्मार्ट सिटी लगातार बेहतर काम हो रहे हैं। जुलाई में आगरा के समाजसेवियों ने इस काम को सराहा । समाजसेवी पूरन डाबर ने कहा कि मैं चकित हूं और खुश हूं कि ये मेरे आगरा की सूरत है। विदेशों से आने वाले पर्यटकों को यह जरुर भा रहा होगा। साथ ही उन्होंने शहरवासियों से शहर को स्मार्ट बनाने की अपील की।


स्मार्ट सिटी की ओर से फतेहाबाद रोड पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को और बेहतर किया। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सड़कों को फिर से दुरुस्त किया। क्योंकि मैट्रो के काम के दौरान सड़कों में थोडी.टूट फूट हुई थी। वहीं कर्मचारियों ने दिन रात लगकर सड़कों को फिर चमकाया। टीम लीडर अरुण कुमार ने इस बेहतर कार्य का अवलोकन किया।







स्मार्ट सिटी की ओर से शहर को तो खास बनाया ही जा रहा है। इसके साथ ही शहर के तमाम संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों को स्मार्ट सिटी परिजयोजना के विषय में जानकारी देकर उनका ज्ञानवर्धन और अपने शहर को बेहतर बनाने की जानकारी दी जा रही है। छात्र-छात्राएं इस ओर ध्यान दे रहीं हैं। कि हमारा शहर किस प्रकार स्मार्ट बन सकता है। इसके लिए ये छात्र अपने शहरवासियों को जागरुक भी कर रहे हैं। वहीं मुझे सबसे बेहतर लगा कि वो खुद में जाकर ये जिम्मेदारी उठा रहे हैं। साथ सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सामाजिक सरोकारों का कार्य कर रहे हैं। मैं शहरवासियों को यह संदेश देना चाहता हूं। कि सभी शहर को स्मार्ट बनाने में सहयोगी बनें।



**प्रदीप तोमर, निदेशक अमेरिकन इंस्टीट्यूट**



स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चल रहे 4200 केएल ओवर हैड टैंक का निर्माण चल रहा है। बता दें कि यह आगरा का सबसे बड़ा ओवर हैड टैंक है। इससे ताजगंज क्षेत्र में गंगाजल वाटर सप्लाई होगी। जिसमें ताजगंज के कुछ क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दो ओवर हैड टैंक और बनाए गये हैं। स्मार्ट सिटी के टीम लीड अरुण कुमार ने बताया कि यह प्रोजेक्ट मार्च 2022 तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद ताजगंज क्षेत्र के निवासियों को गंगाजल मिलने लगेगा। इसे गंगाजल पाइप लाइन से जोड़ा जा रहा है।



इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नौलाजी, खंदारी परसिर, डा भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में स्मार्ट सिटी की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को स्मार्ट सिटी परियोजना की जानकारी के साथ-साथ उन्हें परियोजनाओं की विजिट करायी गई। छात्रों ने जिज्ञासावश कई प्रश्न पूछे। इस दौरान संस्थान के निदेशक प्रो. वी.के. सारस्वत इं. आशी अस्थान मुख्य रूप से डॉ. मुकेश बघेल, इं. चन्दन कुमार, इं. अजय यादव, इं. अजीत यादव, डा. शालीनी शर्मा, डा. रेखा शर्मा, डा. राजेश लवानिया, इं. राम कुमार स्मार्ट सिटी से गौरव चतुर्वेदी, देबीना अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।